विविध **बैंक प्रकरण संख्या 06/2022**(GCMS : 2022/10)**पंजाब नेशनल बैंक जरिये** निशान्त खुराना प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबन्धक, **कार्यालय SASTRA केन्द्र, प्रथम तल, मण्डल कार्यालय, नजदीक मीरा चौक, श्रीगंगानगर** <u>**बनाम**</u> **1. मैसर्स कलगीधर ब्रिक्स उद्योग –प्रो कर्मजीत कौर** पत्नी सोहन सिंह, चक 66 जीबी पोस्ट ऑफिस 66 जीबी, अनूपगढ, जिला श्रीगगानगर एवं निवासी वार्ड नं 3 पदमपुर जिला श्रीगंगानगर **2. परविन्दर सिंह पुत्र सोहन सिंह** निवासी मकान नं.1119, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, वार्ड नं. 03, पदमपुर **3. जगविन्दर सिंह पुत्र रणजीत सिंह** निवासी वार्ड नं. 02, 11 केडी–ए, 10 केडी, रावला मंडी, श्रीगंगानगर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

**27.04.2022**

**पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी** बैंक के अधिवक्ता श्री भारत भूषण महेन्द्रा की बहस पूर्व में सुनी जा चुकी है। पत्रावली का अवलोकन किया गया।

**प्रार्थी बैंक के अधिवक्ता का कथन था** कि प्रार्थी द्वारा एक प्रार्थना पत्र वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत दिनांक 10.01.2020 को प्रस्तुत किया था कि प्रार्थी बैंक द्वारा अप्रार्थीगण मैसर्स कलगीधर ब्रिक्स उद्योग, परविन्दर सिंह, जगविन्दर सिंह को ऋण सुविधा के रूप में 36.50/– लाख रूपये (अखरे रूपये छत्तीस लाख पचास हजार मात्र) का ऋण दिनांक 18.03.2024 को स्वीकृत किया था। ऋण की सुरक्षा की एवज में अप्रार्थी कर्मजीत कौर द्वारा अपनी सम्पत्ति रिहायशी भूमि और भवन प्लॉट नं. 1120 (क्षेत्रफल 20′ गुणा 50′), इन्दिरा कॉलोनी, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, पदमपुर, व्यावसायिक सम्पत्ति भूमि और भवन स्थित किल्ला नं.0 14/2(0.127), 15/2(0.126), 16(0.253), 17(0.253), 24(0.127), 25(0.126), पत्थर नं 255/446 (क्षेत्रफल 10120 वर्गमीटर) मुरब्बा नं 52, चक 66 जीबी,अनूपगढ जिला श्रीगंगानगर एवं परविन्दर सिंह द्वारा अपनी सम्पत्ति रिहायशी भूमि और भवन प्लॉट नं. 1119 (क्षेत्रफल 20′ गुणा 50′), इन्दिरा कॉलोनी, नदजीक टेलीफोन एकस्चेंज, पदमपुर जिला श्रीगंगानगर प्रार्थी बैंक के पास बंधक रखी। उनका आगे कथन है कि अप्रार्थीगण द्वारा ऋण की शर्तो के अनुसार नियमित रूप से ऋण का भुगतान नहीं किया गया है जिस कारण उनका ऋण खाता दिनांक 31.03.2021 को अनर्जक परिसम्पत्ति(एन.पी.ए.) के रूप में घोषित कर दिया गया है। अप्रार्थीगण ऋणियों के नाम दिनांक 31.03.2021 को

Signature Not Verified
Digitally signed by Rukmani Riar
Date: 2022.06.01 13:21:21 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
श्री गंगानगर

